श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 72, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## फीरोजाबाद में बेखौफ बदमाशों ने भाजपा नेता की गोली मारकर की हत्या, लोगों में आक्रोश





**फीरोजाबाद, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के फीरोजाबाद जिले में शुक्रवार रात भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। भाजपा नेता दयाशंकर अपनी परचून की दुकान पर बैठे थे, तभी बाइक पर आए तीन युवकों में से एक ने उन पर फायर झोंक दिए। आगरा में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने जाम लगा दिया, जो देर रात तक जारी रहा। एसपी सिटी समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया है। शुक्रवार रात हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। हत्या के पीछे राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता मानी जा रही है।

यह घटना टूंडला विधानसभा क्षेत्र की है। दयाशंकर गुप्ता नगला बीच कस्बे के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हैं। नगला बीच कस्बा में चौराहे पर उनकी परचून की दुकान है। शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी एक बाइक उनकी दुकान के सामने आकर रुकी। बाइक सवार तीन में से एक युवक दुकान पर पहुंचा। उसने दयाशंकर पर दो फायर झोंक दिए। इसके बाद तीनों युवक भाग गए।

परिवार वाले दयाशंकर को आगरा ले गए। उधर, गुस्साए लोगों ने जाम लगा दिया। कई थानों का फोर्स लेकर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जैसे-तैसे जाम खुलवाया। इसकी बीच दयाशंकर की आगरा में मौत हो जाने की खबर आ गई। इस पर लोगों ने फिर जाम लगा दिया। देर रात तक जाम लगा हुआ था। एसएसपी सचिंद्र पटेल ने बताया कि बाइक सवार हमलावरों की तलाश कराई जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

भाजपा नेता की मौत की खबर लगते ही नगला बीच में व्यापारियों ने एकत्र होकर जाम लगा दिया। घटना की जानकारी होते ही एसपी सिटी मुकेश चंद्र मिश्रा समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। वहीं हमलावरों की गिरफ्तारी का आश्वासन भी दिया। परिजनों ने बताया कि उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी के नामांकन से वापस लौटने के बाद दयाशंकर अपनी दुकान पर बैठे थे। दुकान बंद करते समय हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह लोधी ने कहा कि नगला बीच के पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष की हत्या एक जघन्य घटना है। पुलिस प्रशासन से मांग है कि हत्यारोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजे। इस तरह की घटनाएं फिर न हों इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।



## शारदीय नवरात्रि आज से, जानें घट स्थापना का शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नवरात्रि शरद ऋतु में अश्विन शुक्ल पक्ष से शुरू होती हैं और पूरे नौ दिनों तक चलती हैं। इस बार शारदीय नवरात्रि 17 अक्टूबर यानी आज से शुरू होकर 25 अक्टूबर तक है। 26 अक्टूबर को विजयदशमी या दशहरा मनाया जाएगा। नवरात्रि से जुड़े कई रीति-रिवाजों के साथ कलश स्थापना का विशेष महत्व है। कलश स्थापना को घट स्थापना भी कहा जाता है। नवरात्रि की शुरूआत घट स्थापना के साथ ही होती है। घट स्थापना शक्ति की देवी का आह्वान है।

घट स्थापना का सबसे शुभ समय प्रतिपदा का एक तिहाई भाग बीत जाने के बाद होता है। अगर किसी कारणवश आप उस समय कलश स्थापित न कर पाएं, तो अभिजीत मुहूर्त में भी स्थापित कर सकते हैं। प्रत्येक दिन का आठवां मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त कहलाता है। यह 40 मिनट का होता है। हालांकि, इस बार घट स्थापना के लिए अभिजीत मुहूर्त उपलब्ध नहीं है।

विद्वानों के अनुसार इस बार शनिवार को घट स्थापना होने से देवी का वाहन घोड़ा रहेगा। इसके प्रभाव से पड़ोसी देश से तनाव बढ़ने की आशंका है और देश में राजनीतिक उथल-पुथल भी हो सकती है।

### कलश स्थापना की तिथि और शुभ मुहूर्त

कलश स्थापना की तिथिः 17 अक्टूबर 2020

कलश स्थापना का शुभ मुहूर्तः सुबह 06 बजकर 23 मिनट से 10 बजकर 12 मिनट तक।

कुल अवधिः 03 घंटे 49 मिनट

### कलश स्थापना कैसे करें

- नवरात्रि के पहले दिन यानी कि प्रतिपदा को सुबह स्नान कर लें।
- मंदिर की साफ-सफाई करने के बाद सबसे पहले गणेश जी का नाम लें और फिर मां दुर्गा के नाम से अखंड ज्योत जलाएं और कलश स्थापना के लिए मिट्टी के पात्र में मिट्टी डालकर उसमें जौ के बीज बोएं।
- अब एक तांबे के लोटे पर रोली से स्वास्तिक बनाएं। लोटे के ऊपरी हिस्से में मौली बांधें।
- अब इस लोटे में पानी भरकर उसमें कुछ बूंदें गंगाजल की मिलाएं। फिर उसमें सवा रुपया, दूब, सुपारी, इत्र और अक्षत डालें।
- इसके बाद कलश में अशोक या आम के पांच पत्ते लगाएं।
- अब एक नारियल को लाल कपड़े से लपेटकर उसे मौली से बांध दें। फिर नारियल को कलश के ऊपर रख दें।
- अब इस कलश को मिट्टी के उस पात्र के ठीक बीचों बीच रख दें, जिसमें आपने जौ बोएं हैं।
- कलश स्थाशपना के साथ ही नवरात्रि के नौ व्रतों को रखने का संकल्पब लिया जाता है।
- आप चाहें तो कलश स्था पना के साथ ही माता के नाम की अखंड ज्योौति भी जला सकते हैं।

### जानिये किस दिन कौन-सी देवी की होगी पूजा

17 अक्टूबर- मां शैलपुत्री पूजा घटस्थापना
18 अक्टूबर- मां ब्रह्मचारिणी पूजा
19 अक्टूबर- मां चंद्रघंटा पूजा
20 अक्टूबर- मां कुष्मांडा पूजा
21 अक्टूबर- मां स्कंदमाता पूजा
22 अक्टूबर- षष्ठी मां कात्यायनी पूजा
23 अक्टूबर- मां कालरात्रि पूजा
24 अक्टूबर- मां महागौरी दुर्गा पूजा
25 अक्टूबर- मां सिद्धिदात्री पूजा

## उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में 30235 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक स्कूलों में सहायक शिक्षक पद पर करीब एक हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिल सकी है। ये अभ्यर्थी अनंतिम चयन सूची में शामिल थे, उनमें से कुछ काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो सके तो अधिकांश के अभिलेख ऑनलाइन आवेदन और मूल अभिलेखों से अलग थे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि प्रदेश भर में 30235 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में 69000 शिक्षक भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया शुरू हुई। इन पदों के सापेक्ष जून माह में 67867 अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची जारी हुई थी, लेकिन काउंसिलिंग के पहले दिन ही हाई कोर्ट ने चयन पर रोक लगा दी थी। प्रदेश सरकार ने शीर्ष कोर्ट के 21 मई के आदेश पर 31661 पदों पर शिक्षक चयन को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। शासन ने आदेश दिया कि चयनितों की नई सूची जून माह में जारी अनंतिम सूची से ही बनाई जाए। बेसिक शिक्षा परिषद ने 31277 पदों पर अभ्यर्थियों का अनंतिम रूप से चयन करके सभी जिलों में भेजा। दो दिन काउंसिलिंग के बाद शुक्रवार को सभी चयनितों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

परिषद मुख्यालय का कहना है कि काउंसिलिंग कुछ अभ्यर्थी अपरिहार्य कारणों से शामिल नहीं हो सके तो कई अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन और मूल अभिलेखों में अंतर मिला। परिषद सचिव ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिया था कि जिन अभ्यर्थियों के मूल अभिलेख शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन से मेल नहीं खा रहे हों उन्हें नियुक्ति पत्र निर्गत न किया जाए। इसलिए ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। हालांकि शीर्ष कोर्ट ने अर्चना सिंह मामले में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में सुधार करने का अवसर देने का आदेश दिया था लेकिन उसके लिए अब तक वेबसाइट खोली नहीं जा सकी है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि नियुक्ति पाने वाले 30235 अभ्यर्थियों को बीएसए कार्यालय में ही ज्वाइन कराया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया एक लाख का इनामी नक्सली



**बीजापुर, जागरण संवाददाता।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में आज सुबह नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में एक इनामी नक्सली मारा गया है। मारे गए नक्सली का नाम विकास सेमला बताया जा रहा है, जो बीजापुर और आस-पास के जिलों में कई नक्सली वारदातों में शामिल रहा है। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। हालांकि पुलिस की ओर से मारे गए नक्सली की पहचान अभी उजागर नहीं की गई है।

माओवादी विरोधी अभियान के तहत सर्चिंग पर निकली फोर्स की शुक्रवार सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई जिसमें एक लाख का इनामी नक्सली मारा गया है। बीजापुर जिले के बासागुडा थाना क्षेत्र में जिला बल व सीआरपीएफ 168 बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे। जानकारी के अनुसार कोरसागुड़ा और आउटपल्ली के मध्य जंगल में सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुठभेड़ हुई। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली वहां से भाग खड़े हुए। घटना स्थल की सर्चिंग में एक लाख रुपये के इनामी नक्सली का शव व अन्य सामग्री बरामद की गई है। एसपी कमलोचन कश्यप ने घटना की पुष्टि की है।

बस्तर क्षेत्र में अब नक्सली लगातार कमजोर पड़ रहे हैं। मुठभेड़ों में पुलिस मारे जाने से बचने के लिए नक्सल संगठन के सदस्य लगातार आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। दूसरी ओर नक्सल संगठन में अब फूट भी नजर आने लगी है। पिछले दिनों बस्तर में दो नक्सली लीडरों को उन्हीं के संगठन के सदस्यों ने मार डाला था।

इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने बताया कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोसार्गुडा और बाहरी इलाकों के बीच एक जंगल के अंदर यह मुठभेड़ सुबह 9:30 बजे हुई।

उन्होंने कहा कि गश्त करने वाली टीम, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और स्थानीय पुलिस के कर्मी शामिल थे, जब जंगल में आग लगी तो उन पर नियंत्रण खो दिया गया। आईपीएस अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने तेजी से जवाबी कार्रवाई की।

## सरकारी कर्मचारियों को त्योहारों पर फेस्टिवल और LTC कैश पैकेज का गिफ्ट



**लखनऊ, जेएनएन।** त्योहारों के मौसम में उत्तर प्रदेश के 10 लाख राज्य कर्मचारियों को बड़ी सौगात देते हुए योगी सरकार ने केंद्र की तर्ज पर उन्हें स्पेशल फेस्टिवल पैकेज के तौर पर ब्याज मुक्त 10 हजार रुपये एडवांस और अवकाश यात्रा सुविधा (एलटीसी) के बदले स्पेशल कैश पैकेज देने का फैसला लिया है। एलटीसी के बदले स्पेशल कैश पैकेज के तहत राज्य सरकार कर्मचारियों को महंगी वस्तुएं खरीदने के लिए दो किस्तों में कुल 24 हजार रुपये दिये जाएंगे। शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसले लिए गए और इनके शासनादेश भी जारी कर दिए गए। दोनों पैकेजों पर सरकारी खजाने पर कुल 1960 करोड़ रुपये का व्ययभार संभावित है।

स्पेशल फेस्टिवल पैकेज : इसके तहत त्योहार से पहले कार्यालयाध्यक्ष की ओर से संबंधित सरकारी कर्मचारी को 10 हजार रुपये का एडवांस स्पेशल फेस्टिवल पैकेज के रूप में स्वीकृत किया जाएगा। यह योजना 31 मार्च 2021 तक लागू रहेगी। एडवांस ब्याज रहित होगा और इसके तहत स्वीकृत धनराशि सरकारी कर्मचारी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से प्री लोडेड रुपे कार्ड के जरिये दी जाएगी। यह धनराशि दस किस्तों में वसूली जाएगी। सरकारी कर्मचारी की ओर से प्रार्थनापत्र मिलने पर कार्यालयाध्यक्ष को एसबीआइ से प्री लोडेड रुपे कार्ड प्राप्त कर आवेदक को देना होगा। कार्यालयाध्यक्ष उन सभी त्योहारों के लिए एडवांस स्वीकृत कर सकेंगे, जो उप्र शासन द्वारा घोषित अवकाशों की सूची में शामिल हैं। कार्यालयाध्यक्ष और आहरण वितरण अधिकारियों के लिए कार्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया अलग से जारी की जाएगी। स्पेशल फेस्टिवल पैकेज पर लगभग 1000 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा।

एलटीसी के बदले स्पेशल कैश पैकेज : यह सुविधा राज्य सरकार के उन कर्मचारियों को अनुमन्य होगी जो 31 मार्च 2021 तक एलटीसी से संबंधित शासनादेशों के अंतर्गत इस सुविधा का लाभ पाने के पात्र हैं और जो इस सुविधा के बदले स्पेशल कैश पैकेज लेना चाहते हों। स्पेशल कैश पैकेज के तहत संबंधित कर्मचारी को गंतव्य स्थान तक जाने और वापस आने के लिए छह हजार रुपये प्रति व्यक्ति की दर से एलटीसी के लिए पात्र अधिकतम चार सदस्यों के लिए कुल 24 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की जाएगी। उसे यह रकम 31 मार्च 2021 तक खर्च करनी होगी। कर्मचारी को स्पेशल कैश पैकेज की राशि दो किस्तों में दी जाएगी। एडवांस के तौर पर पैकेज की 50 प्रतिशत यानी 12 हजार रुपये की धनराशि कर्मचारी के खाते में डाल दी जाएगी। वस्तुओं को खरीदने की जीएसटी रसीद दिखाने पर उसे पैकेज के तहत कुल धनराशि का भुगतान किया जाएगा, जिसमें एडवांस के तौर पर पहले दी गई 50 प्रतिशत राशि समायोजित कर ली जाएगी।

960 करोड़ रुपये का व्ययभार : ऐसे दावों का समायोजन चालू वित्तीय वर्ष में ही कराना होगा। एडवांस की राशि का इस्तेमाल न करने या कम उपयोग करने पर उसकी वसूली दंड ब्याज के साथ की जाएगी। एलटीसी के बदले स्पेशल कैश पैकेज की धनराशि पर आयकर के नियम उसी तरह लागू होंगे जैसे एलटीसी के किराये के भुगतान पर लागू होते हैं। स्पेशल कैश पैकेज पर 960 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा।

## देश में खाद्यान्न का उत्पादन बड़े स्तर पर होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग भुखमरी का संकट झेल रहे

**रवि शंकर।** विकास के तमाम दावों के बावजूद भारत अभी भी गरीबी और भुखमरी जैसी बुनियादी समस्याओं के चपेट से बाहर नहीं निकल सका है। समय-समय पर होने वाले अध्ययन और रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि तमाम योजनाओं के एलान के बावजूद देश में भूख और कुपोषण की समस्या पर लगाम नहीं लगाई जा सकी है। देश में खाद्यान्न का उत्पादन बड़े स्तर पर होने के बावजूद आज भी बहुत बड़ी आबादी भुखमरी का संकट झेल रही है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में खाद्यान्न का इतना भंडार है, जो प्रत्येक स्त्री, पुरुष और बच्चे का पेट भरने के लिए पर्याप्त है, लेकिन इसके बावजूद करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो दीर्घकालिक भुखमरी और कुपोषण या अल्प पोषण की समस्या से जूझ रहे हैं। भुखमरी के बढ़ते आंकड़ों के चलते 2030 तक भुखमरी हटाने का अंतरराष्ट्रीय लक्ष्य भी अब खतरे में पड़ गया है।यह कितना दुखद है कि संयुक्त राष्ट्र अपनी रिपोर्ट में भुखमरी के लिए अघोषित युद्ध की स्थिति, जलवायु परिवर्तन, हिंसा, प्राकृतिक आपदा जैसे कारणों की तो बात करता है, लेकिन मुक्त अर्थव्यवस्था, बाजार का ढांचा और नव उदारवाद पर वह खामोश क्यों रहता है? यह ठीक है कि दुनिया भर में भूखे पेट सोने वालों की संख्या में कमी आई है। फिर भी विश्व में आज भी बहुत से लोग ऐसे हैं, जो भुखमरी से जूझ रहे हैं। विश्व की आबादी वर्ष 2050 तक नौ अरब होने का अनुमान लगाया जा रहा है और इसमें करीब 80 फीसद लोग विकासशील देशों में रहेंगे। एक ओर हमारे और आपके घरों में रोज सुबह रात का बचा हुआ खाना बासी समझकर फेंक दिया जाता है तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें एक वक्त का खाना तक नसीब नहीं होता और वे भूख से मर रहे हैं। कमोबेश हर विकसित और विकासशील देश की यही कहानी है। दुनिया में पैदा किए जाने वाले खाद्य पदार्थ में से करीब आधा हर साल बिना खाए सड़ जाता है।भारत में इस स्थिति के कई सारे कारण हैं जिसमें गरीबी, महिलाओं की खराब स्थिति, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का बुरा प्रदर्शन, जरूरी पोषण का निम्न स्तर, लड़कियों की निम्नस्तरीय शिक्षा और नाबालिग विवाह आदि प्रमुख हैं। भूख की वैश्विक समस्या को तभी हल किया जा सकता है, जब इस लड़ाई में केंद्र और राज्य सरकारों के साथ वैश्विक संगठन अपने-अपने प्रोग्रामों को और भी प्रभावी तथा बेहतर ढंग से लागू करें। साथ ही कुपोषण का रिश्ता गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी आदि समस्याओं से भी है। इसलिए इन मोर्चो पर भी एक मजबूत इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना होगा। वास्तव में हमने निजीकरण, उदारीकरण और वैश्वीकरण को ही विकास का बुनियादी आधार मान लिया है और इस अंधी दौड़ में भोजन के अधिकार कहीं कोने में दुबके नजर आते हैं।

## 500 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम पृथ्वी-2 मिसाइल का सफल परीक्षण




**जागरण संवाददाता, बालासोर (ओडिशा)।** ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर स्थित अंतरिम परीक्षण परिसर आइटीआर से पृथ्वी-2 मिसाइल का शुक्रवार देर शाम साढ़े सात बजे सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) की ओर से विकसित पृथ्वी-2 मिसाइल का परीक्षण चांदीपुर आइटीआर के लांचिंग कांप्लेक्स 3 से सफलतापूर्वक किया गया।

यह पहली मिसाइल है, जिसे डीआरडीओ ने इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत तैयार किया है। यह मिसाइल एक हजार किलोग्राम तक अस्त्र ले जाने की क्षमता रखने के साथ सतह से सतह पर 500 किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम है। बताते चलें कि मात्र 30 दिनों के भीतर ही भारत ने आठ नई और पुराने किस्म की मिसाइलों का सुबह और रात को सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

विशेषज्ञों के अनुसार यह मिसाइल तरल और ठोस दोनों तरह के ईंधन से संचालित की जा सकती है। इसके साथ ही परंपरागत और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जाने में सक्षम है। 8.56 मीटर लंबी 1.1 मीटर चौड़ी और 4600 किलोग्राम वजन वाली यह मिसाइल 483 सेकंड तक और 43.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भर सकती है।

इसके परीक्षण के मौके पर डीआरडीओ और आइटीआर से जुड़े वरिष्ठ वैज्ञानिक और अधिकारी मौजूद रहे। यह पहला मौका नहीं है जब पृथ्वी मिसाइल को रात्रि कालीन परीक्षण किया गया है। इसके पहले कई बार पृथ्वी मिसाइल का रात्रि कालीन सफलतापूर्वक परीक्षण किया जा चुका है।

## संक्षेप समाचार

### आदेश का पालन न करने पर डीएम को भरना पड़ा पांच हजार हर्जाना

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट के आदेश का पालन न करना डीएम प्रयागराज भानुचंद्र गोस्वामी को भारी पड़ गया। कोर्ट के आदेश पर उनको पांच हजार रुपये हर्जाना भरना पड़ा। इसके बाद ही डीएम को अवमानना की कार्यवाही से निजात मिल सकी। मामला सरोज कुमार मिश्रा द्वारा दाखिल अवमानना याचिका का है। याची सरोज कुमार ने इससे पहले भी अवमानना याचिका दाखिल कर हाईकोर्ट के आदेश का पालन न करने की शिकायत की थी। पहली बार में हाईकोर्ट ने डीएम को एक और मौका देते हुए याचिका निस्तारित कर दी। आदेश का पालन नहीं हुआ तो उसने दुबारा याचिका दाखिल की। इस पर कोर्ट ने तीन अक्तूबर को डीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। साथ आदेश के पालन का एक और मौका देते हुए कहा कि यदि वह आदेश का पालन कर देते हैं तो उनको व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होना पड़ेगा।

# अनियंत्रित डीसीएम खड़े ट्रक से टकराया, तीन की मौत

## हड़िया-कोखराज हाइवे मार्ग के सोरांव जुड़ापुर दांदू गांव की है घटना, घटना देख ग्रामीणों की कांपी रूह



हादसे में क्षतिग्रस्त डीसीएम ट्रक

**सोरांव।** शुक्रवार की सुबह हड़िया-कोखराज नेशनल हाइवे मार्ग के सोरांव के जुड़ापुर दांदू गांव के सामने तेज रफ्तार की डीसीएम चालक ने अपना संतुलन खो दिया। जिससे ट्रक का टायर बदल रहे खलासी समेत डीसीएम चालक व खलासी की मौत हो गई। घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जहां मृतकों के शव को देख दंग रह गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची। जिसके बाद मृतकों के शवों का पुलिस पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए एसआरएन अस्पताल के लिए भेज दिया गया है। वहीं पुलिस मोबाइल के जरिये घटना की जानकारी पाकर परिजन में कोहराम मच गया। उधर खबर पाकर परिजन प्रयागराज के लिए रवाना हो गये।

जनपद जौनपुर मुंगरा बादशाहपुर नारायणपुर निवासी राज कुमार पाण्डेय (23) पुत्र कृपा शंकर पाण्डेय एवं सौरभ द्विवेदी (22) पुत्र इंद्रजीत द्विवेदी निवासी मजदुवा थाना फूलपुर प्रयागराज डीसीएम चालक एवं खलासी थे। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह एनएच-2 मार्ग से कोखराज की तरफ से हड़िया की तरफ जा रहे थे। जैसे ही थाना क्षेत्र सोरांव के जुड़ापुर दांदू गांव के समीप पहुंचे कि डीसीएम चालक ने अपना संयम खो दिया। जिससे डीसीएम अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक का टायर बदल रहे दिनेश कुमार पुत्र घमंडी सिंह निवासी सुरैता थाना रिजौर जनपद एटा को अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटना में तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर एएसपी/सीओ सोरांव अशोक वेंकट समेत सोरांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शवों को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना देख कई लोगों की रूह कांप उठी। घटना के बाद पुलिस ने मृतकों के परिजन को सूचना दी। सूचना जब परिजन को मिली तो रोते-विलखते हुए घर से रवाना हो गये।



हवन पूजन करते सपा कार्यकर्ता

### कोरोना संक्रमण से नेता जी के स्वास्थ्य के लिए किया गया हवन

**सिरसा।** मेजा नगरपंचायत सिरसा बाजार मे पूर्व रक्षामंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के कोरोना संक्रमित होने पर सपाइयों ने हवन पूजन कर स्वास्थ्य लाभ के लिए पूजा अर्चना किया गया। सिरसा बाजार स्थित श्री श्रीनाथ मंदिर मे समाजवादी पार्टी छात्रसभा के प्रदेश सचिव प्रमिल यादव के नेतृत्व मे हवन पूजन किया गया। हवन पूजन के दौरान प्रमिल यादव ने कहा कि नेताजी कोरोना को हराकर जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम सब के बीच होंगे। इस अवसर पर सपा जिलाकार्यकर्णी सदस्य रचित कुमार विश्वकर्मा,शनि यादव ,अधिवक्ता संदीप यादव, संतोष भारतीया, अरुण यादव, प्रवीण वर्मा, अजीत यादव, अरविंद कनौजिया, गोविंद यादव, चंद्रशेखर यादव, संजय प्रधान, रामसूरत, कमलेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### ट्रिपल आईटी में पुरा छात्र वेबिनार आज

**प्रयागराज।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद में पुरा छात्र सम्मेलन ह्यगेटिंग कनेक्टेड अगेनह्व का आयोजन 17 अक्टूबर को सायं 6.30 बजे से आनलाइन माध्यम से किया गया है। जिसमें देश के अलावा विदेशों में कार्यरत ट्रिपल आईटी के लोग शामिल हो रहे हैं। इस पुरा छात्र संवाद के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक प्रो. पी.नागभूषण, होंगे। प्रो. अनुपम अग्रवाल, अधिष्ठाता (प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक मामले) एवं कार्यक्रम समन्वयक ने बताया है कि संस्थान अपने पूर्व छात्रों के प्रति हमेशा से ही सौहार्दपूर्ण व्यावहार बनाये रखा है। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी गण इस बार परिचर्चा वेबिनार के माध्यम करेंगे। प्रो. अग्रवाल ने बताया कि पुरा छात्र जो विदेशी विश्वविद्यालयों में हैं या बड़ी कम्पनियों में कार्यरत हैं, वे अपने मातृत्व संस्थान में अपना विशेष योगदान करने के लिए चर्चा करेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. पंकज मिश्र ने दी।

## फूलपुर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी में आवश्यक परिचर्चा करते उपजिलाधिकारी फूलपुर विवेक चतुर्वेदी

**फूलपुर।** नवरात्रि व रामलीला के आयोजन को देखते हुए फूलपुर प्रसाशन मुस्तैदी से लगा हुआ है। इसी को लेकर शुक्रवार को कोतवाली में सम्भ्रांत लोगों के उपस्थित में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई। बैठक में उपस्थित उपजिलाधिकारी फूलपुर विवेक चतुवेर्दी ने उपस्थित लोगों से शांति प्रिय तरीके से त्योहार को मनाने के साथ ही प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बिन्दुवार क्षेत्र की समस्यायों को सुनते हुए उन्होंने तत्काल अधीनस्थ को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वहीं कोतवाल बृजेश सिंह ने क्षेत्र वासियों से अग्रिम त्योहारों पर शासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करने को कहा।

# टोल प्लाजा कर्मी की ट्रक से कुचल कर दर्दनाक मौत

**करछना।** मीरजापुर हाइवे मार्ग पर स्थित मुंगारी टोंल प्लाजा पर शुक्रवार रात तीन बजे ट्रक ड्राइवर को टोंल रसीद देनें के दौरान ट्रक और टोंल बूथ डिवाइडर की चपेट में आ जाने से एक टोंल कर्मी की दब कर दर्द नाक मौत हो गई। ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया, शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक थाना क्षेत्र के मनैया गांव का रहने वाला युवक राज उर्फ कुमकुम तिवारी 27 वर्ष पुत्र श्याम नारायण तिवारी जो पास के मीरजापुर हाइवे मार्ग पर स्थित मुगारी टोंल प्लाजा पर काम करता था, जिसकी ड्यूटी गुरू वार रात ट्रको से टोंल टैक्स वसूली करने केलिए लगाई गई थी, वसूली के दौरान 15,व 16 की रात लगभग तीन बजे के करीब टोंल प्लाजा पर ट्रको से टोंल टैक्स की रसीद ट्रक चालक को देने के लिए जैसे आगे बढ़ा उसी दरम्यान ट्रक चालक ने अपनी गाड़ी आगे बढ़ा दी, जिससे टोंल कर्मी राज तिवारी की ट्रक और डिवाइडर के बीच में आ जाने से कुचल गया और मौके पर उसकी दर्द नाक मौत हो गई। घटना की जानकारी औद्योगिक थाना क्षेत्र की पुलिस को होने पर मौके पर पहुंच कर मृतक का शव अपने कब्जे में ले कर पोस्ट माडम के लिए भेज दिया है । वहीं घटना के दौरान ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर भागने में कामयाब हो गया।



टोलकर्मी की मौत के बाद चक्काजाम करते आक्रोशित लोग

### मैनेजमेंट की कमी की वजह से हुई टोलकर्मी की मौत : जितेन्द्र तिवारी

**प्रशासन मृतक के परिजनों को 25 लाख मुआवजा दे**

**करछना।** प्रयागराज मीरजापुर हाइवे मार्ग पर स्थित मुगारी टोल प्लाजा पर मनैया गांव निवासी राज तिवारी की मौत टोंल प्लाजा के मैनेजमेंट की घोर लापरवाही के कारण हुई । कल रात टोंल टोल बूथ पर एक ट्रक ने कुचल दिया था । यह पूरा हादसा प्रशासन और टोल बूथ के मैनेजमेंट की लापरवाही की वजह से हुआ मामले की जांच हो और पीड़ित के घर वालों को टोंल और प्रशासन मिलकर 25 लाख रुपये दे, अन्यथा युवा कॉंग्रेस आन्दोलन करेगा। कल रात की सीसीटीवी फुटेज देखी जाए वहां पुलिस भी थी, फिर ये हादसा कैसे, वहां तो गाड़ियां भी स्पीड मे नहीं रहती, तो क्या अवैध वसूली की वजह से ऐसा हुआ? या ट्रक की ओवरलोडिंग वजह बना?

क्योंकि टोल के ठेकेदार के अलावा वहा कई दबंग ओवरलोडिग ट्रक पास कराते हैं, ऐसा लोग बताते हैं. जो गलत है फिर भी संबंधित थाना प्रभारी और प्रशासन आंख क्यों बंद किए हैं? जबकि मुगारी टोंल पर वसूली और ओवरलोडिंग को लेकर युवा कॉंग्रेस एसडीएम करछना के यहा धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं फिर भी सुधार नहीं हुआ तो अब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी के अगुआई में जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे ।

### मृतक टोल कर्मी का शव हाईवे पर रख घंटों किया चक्काजाम

करछना। टोंल प्लाजा मुगारी पर कार्य करने वाले राज तिवारी की बीती रात टोंल प्लाजा पर ट्रको से टोंल टैक्स वसूली के दौरान ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई थीं। देर शाम पोस्ट मार्टम से शव को घर ले जाते समय परिजनों ने मुगारी के पास मीरजापुर मार्ग पर चक्का जाम किया। मृतक के परिजनों को मुआवजे दिए जाने को लेकर परिजन अडे रहे। चक्का जाम की सूचना पर औद्योगिक पुलिस, सीओ कर छना के समझाने पर कि परिजनों को सहायता देने के आश्वासन के बाद परिजन मान गएँ तब लेजाकर गंगा घाट मनैया पर उसका अंतिम संस्कार किया, इस दौरान घंटो मीरजापुर हाइवे पर जाम से कइ किलों मीटर तक जाम से लोग हलाकान रहे ।

## हाईकोर्ट के रिटायर जज ने बेटे पर लगाया घर से बेदखल करने का आरोप कोर्ट ने दिया डीएम को आदेश पारित करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने ही कोर्ट से रिटायर जज अंजनी कुमार व उनकी पत्नी को बेटे चंदन कुमार द्वारा घर से बेदखल करने का मामला सीनियर सिटीजन एक्ट के तहत तय करने के लिए जिलाधिकारी प्रयागराज को सुपुर्द कर दिया है। कोर्ट ने बेटे चंदन कुमार को जिलाधिकारी के समक्ष 19 अक्टूबर को हाजिर होकर अपना पक्ष रखने को कहा है और जिलाधिकारी को दोनो पक्षों को सभी मुद्दों को सुनकर कानून के तहत सकारण आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। याचिका की सुनवाई 8 फरवरी 21 को होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति शशिकान्त गुप्ता तथा न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की खंडपीठ ने पूर्व न्यायमूर्ति अंजनी कुमार व उनकी पत्नी की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता तरूण अग्रवाल तथा विपक्षी की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने बहस की। याची पूर्व जज का कहना है कि 27/13 जवाहरलाल नेहरू रोड मकान उनके नाम है। जिससे उन्हें बेटे द्वारा बेदखल कर कब्जा कर लिया गया है। चंदन कुमार को बेदखल कर मकान का कब्जा वापस दिलाया जाय। विपक्षी अधिवक्ता का कहना था कि उ,प्र मेन्टीनेन्स एण्ड वेल्फेयर आफ पैरेन्ट एण्ड सीनियर सिटीजन एक्ट के तहत जिलाधिकारी को ऐसे विवाद तय करने का अधिकार है। इसलिए प्रकरण वही भेजा जाय।२

## एसएसपी ने किया घूरपुर थाने का निरीक्षण, कोविड हेल्प सेंटर का किया शुभारंभ

**घूरपुर ।** शुक्रवार के दिन एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी दल बल के साथ अचानक घूरपुर थाने पहुंचे तो पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मच गया।इस बीच एसएसपी ने एसओ घूरपुर से थाने के आपराधिक मुकदमों व क्षेत्रीय समस्याओं व नवरात्रि को लेकर दुर्गा पांडालों के विषय मे विस्तार से जानकारी ली ।एसएसपी ने इस बीच पुलिस कर्मियों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि यदि किसी की कोई शिकायत मिली तो तत्काल कार्रवाई होगी ।एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने घूरपुर थाने के कोविड हेल्फ डेस्क का भी फीताकाटर उद्घाटन किया ।इस बीच उन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी या थाने में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की थर्मल स्केनिग, सेनिटाइजर होना जरूरी है ।और आने वाले हर व्यक्ति को मास्क लगाकर ही थाने के अंदर प्रवेश करने व रजिस्टर में उसका नाम पता अंकित होना जरूरी है ।इस मौके पर उनके साथ एसपी क्राइम आशुतोष मिश्र, एसपी यमुनानगर चक्रेश मिश्र, सीओ करछना सौमेन्द्र मीणा, एसओजी प्रभारी यमुनापार वृंदावन राय,एसओ लालापुर अमित राय ,एसओ घूरपुर भुवनेश कुमार चौबे,एसएसआई वीरेंद्र प्रताप सिंह,शशिकान्त सिंह ,अंशू कुमार राय समेत दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।




घूरपुर थाने में कोविड हेल्प डेस्क का फीता काटकर शुभारंभ करते एसएसपी



## हाईकोर्ट समाचार

### बेसिक शिक्षा परिषद के टीचरों की अन्तरजनपदीय तबादला सूची को अंतिम रूप देने पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा परिषद के अध्यापकों के अंतरजनपदीय तबादले की सूची को अंतिम रूप देने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि परिषद अध्यापकों के स्थानांतरण हेतु आए आवेदनों पर विचार करना जारी रखे मगर सूची को अंतिम रूप न दे। दिव्या गोस्वामी और जय प्रकाश शुक्ला सहित तमाम अध्यापकों ने अंतरजनपदीय स्थानांतरण को विभिन्न आधारों पर चुनौती है। याचिका पर न्यायमूर्ति अजीत कुमार सुनवाई कर रहे हैं। कोर्ट ने वकीलों की बहस सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया है। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता आरके ओझा, नवीन शर्मा आदि दर्जनों वकीलों ने पक्ष रखा। याचिकाओं में अंतरजनपदीय तबादले के तहत पुरुष और महिला अध्यापिकाओं के स्थानांतरण हेतु निर्धारित नियमों और पूर्व के आदेशों का पालन नहीं करने का आरोप है। कहा गया कि स्थानांतरण 2008 की नियमावली के विपरीत किए जा रहे हैं। नई स्थानांतरण नीति में यह प्रावधान है कि एक बार जिसने स्थानांतरण ले लिया वह दुबारा नहीं ले सकता है। जबकि 2017 के शासनादेश में ऐसा प्रावधान था जिसे 2018 में हटा लिया गया। अब 2019 के शासनादेश में फिर से वही प्रावधान लागू कर दिया गया। याचीगण का कहना था कि यह नियमित स्थानांतरण नहीं है। जिन अध्यापकों को पूर्व अपने गृह जनपद में पोस्टिंग नहीं मिली उनको दुबारा स्थानांतरण की मांग करने का अधिकार है। इससे उनको वंचित नहीं किया जा सकता है। नियमावली में बदलाव करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया है। इसे तीन नवम्बर को सुनाया जाएगा। तब तक सूची को अंतिम रूप देने पर रोक लगाई है।

### हाईकोर्ट ने डीजीपी से मास्क व सोशल डिस्टेसिंग नियम के पालन कराने की कार्य योजना पूछा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोरोना पर लगाम लगाने के लिए मॉस्क और सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन न होने पर चिंता जताई है। साथ ही डीजीपी से पूछा है कि मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का शत प्रतिशत पालन कराने के लिए उनकी क्या कार्य योजना है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासन और पुलिस अथक प्रयास के बावजूद इन नियमों का पालन नहीं करा पा रहे हैं। जबकि इसे सर्वोच्च प्राथमिकता से लेने की जरूरत है। यह आदेश कोरोना मरीजों के बेहतर इलाज और महामारी की रोकथाम के प्रयासों की मॉनिटरिंग कर रही न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा एवं न्यायमूर्ति अजीत कुमार की खंडपीठ ने दिया है। कोर्ट ने कोराना वैक्सीन और सेनिटाइजेशन को लेकर आईसीएमआर की गाइडलाइन अगली सुनवाई पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ को कई जिलों के वकीलों ने बताया कि किसी भी जिले में सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क पहनने के नियम का पालन नहीं हो रहा है। यह भी कहा कि खानपान की दुकानों से अंडरटेकिंग लेने के बाद भी दुकान खोलने के आदेश का पूरे प्रदेश में कहीं भी पालन नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से जानकारी प्राप्त करने को कहा है कि अनलॉक-5 लागू होने के बावजूद कैंटोनमेंट बोर्ड में आवागमन पर रोक क्यों जारी है। कैंट क्षेत्र के गेट अब तक क्यों बंद रखे गए हैं। अधिवक्ता विजय चंद्र श्रीवास्तव फॉगिंग नहीं किए जाने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि फॉगिंग नहीं होने से डेंगू आदि बीमारी फैलने की आशंका है। प्रयागराज के नगर स्वास्थ्य अधिकारी रिटायर हो गए हैं और पद रिक्त है। इस पर कोर्ट ने प्रदेश के हर जिले में नगर स्वास्थ्य अधिकारियों के रिक्त पद भरने और फॉगिंग व सेनिटाइजेशन करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने दुर्गा पूजा के आयोजन के संदर्भ में किसी तरह का आदेश देने से इनकार करते हुए कहा कि दुगार्पूजा के पंडाल राज्य सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही लगाए जाएं। सिविल लाइंस में पार्किंग के मुद्दे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नगर निगम से कहा कि सिविल लांइस में मल्टी लेवल पार्किंग और होटल यात्रिक के सामने की पार्किंग शुरू हो जाने के बाद सिविल लाइंस क्षेत्र में कहीं भी वाहन खड़ा न होने दे। कोर्ट ने कहा कि पार्किंग के इतर गाड़ी खड़ी करने वालों के वाहन उठाने को ट्रैफिक पुलिस स्वतंत्र है। कोर्ट ने कहा कि पार्किंग में वाहन खड़ा करने के बाद दुकानों तक आने जाने में लोगों की दिक्कत दूर करने के लिए पार्किंग से होने वाली आमदनी से निशुल्क बैटरी रिक्शा चलाए जाएं। ये रिक्शा लोगों को दुकानों-शोरूमों तक ले जाएंगे और ले आएंगे। कोर्ट ने कहा कि जब तक पार्किंग शुरू नहीं हो जाती, सरदार पटेल मार्ग पर सिर्फ तीन सप्ताह के लिए तीसरी लेन में वाहनों के पार्किंग की अनुमति दी जाए। उसके बाद किसी को भी वाहन खड़े करने की अनुमति न दी जाए। कोर्ट ने पीडीए को सड़कों पर अतिक्रमण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद उसी जगह दोबारा अतिक्रमण न होने पाए। कोर्ट ने एडवोकेट कमिश्नर चंदन शर्मा और शुभम द्विवेदी से इस पर नजर रखने को कहा है कि अतिक्रमण ठीक से हट गया है या नहीं, सड़कें और नालियां साफ हैं या नहीं, खराब स्ट्रीट लाइट बदल दी गई या नहीं और सड़क किनारे कोई हॉकर फिर से दुकान तो नहीं लगा रहा है। नगर निगम और पीडीए की ओर से नवाब यूसुफ रोड पर अतिक्रणम हटाने की जानकारी और फोटोग्राफ प्रस्तुत किए गए। कोर्ट ने कहा कि पीडीए की सीमा में पूरी कानपुर रोड से अतिक्रमण हटाया जाए। दोबारा अतिक्रमण न होने पाए, नगर निगम इसके लिए संबंधित थाने को सूचित करे। नगर निगम यदि ऐसा नहीं करता तो एडवोकेट कमिश्नर पुलिस को सूचना देकर अतिक्रमण हटवाएं। कोर्ट ने नीमसराय कालोनी में अतिक्रमण का मामला वहां के एडवोकेट कमिश्नर से देखने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 21 अक्टूबर को होगी।

### हाईकोर्ट ने कहा, अधिकारियों को आदेश न मानने की हो गयी आदत, प्रमुख सचिव मोनिका गर्ग तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के अधिकारियों मे कोर्ट आदेश की अवहेलना की बढती आदत को राज्य के लिए खेदजनक करार दिया है और कहा है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को कोर्ट के आदेश का पहले निर्देश पर ही पालन करने का निर्देश दिया जाय। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी आदेश का पालन नहीं करते। वादकारी को अवमानना याचिका दाखिल करने को मजबूर होना पड़ता है। अवमानना याचिका पर समय दिये जाने के बावजूद आदेश का पालन नहीं करते। कोर्ट ने मोनिका गर्ग प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा को नोटिस जारी कर तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति वी के बिडला ने श्रीमती दीप्ति मिश्रा की अवमानना याचिका पर दिया है। प्रमुख सचिव पर कोर्ट के 14 नवम्बर 17 के आदेश की अवहेलना करने का आरोप है। कोर्ट ने 23 जून 20 को आदेश पालन करने का समय दिया था। फिर भी पालन नही किया गया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है कि क्यो न उन्हें अवमानना में दंडित करने के लिए उनके खिलाफ आरोप निर्मित किया जाय।

### बाहुबली उमाकांत यादव व बेटे दिनेश उर्फ सूर्यकांत की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली उमाकांत यादव व उसके बेटे दिनेश यादव उर्फ सूर्यकांत की फर्जी बैनामे को लेकर चल रहे आपराधिक मामले को रद्द करने की मांग में दाखिल याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजवीर सिंह ने दिया है। याचियों के खिलाफ जौनपुर के शाहगंज थाने में धोखाधड़ी, कूटरचना के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्रयागराज के एमपी-एमएलए विशेष अदालत में मुकदमा चल रहा है। याची का कहना था कि बैनामे को निरस्त करने का सिविल वाद खारिज हो चुका है। उसी मामले में आपराधिक कार्यवाही नही की जा सकती है। यह न्याय प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सरकारी अधिवक्ता ने कहा कि आपराधिक केस 2007 का है। सिविल केस 2016 का है। केस अदमपैरवी में खारिज हुआ। एक ही मामले में सिविल व आपराधिक दोनो कार्यवाही चलायी जा सकती है। सह अभियुक्त एम एल ए रहा है। इसलिए विशेष अदालत को मुकदमा सुनने का अधिकार है। याचिका में सम्मन को चुनौती न देकर मुकद्दमें को चुनौती दी गयी है। जो सही नही है। कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है।

## संक्षेप समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना ने आर्य कन्या महाविद्यालय में खाद्यान्न वितरित किया

**प्रयागराज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाहन पर कोरोना की विषम परिस्थितियों को देखते हुए विश्व खाद्यान्न दिवस, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आर्य कन्या महाविद्यालय में मनाया गया। जिसके अन्तर्गत जरूरतमन्दों को राशन का पैकेट, महाविद्यालय की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल के नेतृत्व में वितरित किया गया। साथ ही लोगों को पोषण युक्त भोजन करने के लिए जागरूक किया गया। रसोई में उपलब्ध सामान्य वस्तुओं से कैसे पोषक तत्व प्राप्त किये जा सकते हैं, इस पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रमा सिंह ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रंजना त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चित्रा चैरसिया, शशि कुमारी तथा डॉ. कल्पना वर्मा द्वारा मास्क का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्या डॉ. ममता गुप्ता, डॉ. मधुरिमा वर्मा तथा बड़ी संख्या में स्वयं सेविकायें सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उपस्थित रहीं।

### अनियमितता पर प्रधान के वित्तीय अधिकारों पर लगाई गई रोक

**फूलपुर।** ग्राम पंचायत में अनियमितता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने टीम गठित कर जांच का आदेश देने के साथ ही ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी है। फूलपुर विकास खण्ड के सराय अभय चन्द उर्फ चंदौकी गांव निवासी ग्राम पंचायत सदस्य राजकुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया था। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा टीम गठित कर जांच कराई गई तो आरोप सत्य पाए गए। जिस पर सम्बन्धित सचिव व ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। वहीं सचिव व प्रधान द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए प्रधान के वित्तीय अधिकार पर रोक लगा दी गई। जिलाधिकारी ने गांव में कार्यों के क्रियान्वयन के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित करने का भी आदेश दिया। साथ ही अंतिम जांच हेतु जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी व अधिशाषी अभियंता की संयुक्त टीम गठित कर बिन्दुवार जांच कर पन्द्रह दिन में आख्या प्रस्तुत करने को कहा। शिकायतकर्ता राजकुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है।

## एनआईसी में कुल 850 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**प्रयागराज।** कलेक्ट्रेट स्थित एन.आई.सी. में श्रीमती केशरी देवी पटेल, माननीय सांसद फूलपुर, हर्षवर्धन बाजपेयी विधायक शहर उत्तरी, नीलम करवरिया विधायक मेजा, अजय भारतीय माननीय विधायक बारा एवं आर. रमेश कुमार आयुक्त प्रयागराज मण्डल प्रयागराज, के.पी. सिंह पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र की उपस्थिति में सभी के द्वारा 01-01 अभ्यर्थी सहित कुल 05 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, तत्पश्चात यूनाईटेड इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट कॉलेज नैनी, प्रयागराज में मुख्य अतिथि श्रीमती केशरी देवी पटेल माननीय सांसद फूलपुर एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती अभिलाषा गुप्ता माननीय महापौर नगर निगम प्रयागराज तथा हर्षवर्धन बाजपेयी माननीय विधायक शहर उत्तरी, अजय भारतीय माननीय विधायक बारा, राजमणि कोल माननीय विधायक कोराँव तथा भानु चन्द्र गोस्वामी जिलाधिकारी प्रयागराज एवं आशीष कुमार मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज, संजय कुमार कुशवाहा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, अर्जुन सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रयागराज एवं जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उनकी उपस्थिति में इस प्रकार कुल 845 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।



नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए

समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का प्रसारण यूनाईटेड कालेज एण्ड मैनेजमेंट नैनी में प्रसारित किया गया। माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों का विस्तार रूप से प्रस्तुत किया गया तथा उन्नति के लिए किये जा रहे कार्यों को आगे भी जारी रखने के लिए कहा गया। श्रीमती केशरी देवी पटेल माननीय सांसद फूलपुर द्वारा समारोह में सम्बोधित किया गया कि बहुत बड़ा भावुक पल है। उत्तर प्रदेश सरकार के कठिन प्रयास के बाद यह सुखद फल प्राप्त हुए हैं। शिक्षक के पद पर चयन अच्छी योग्यता वाले अभ्यर्थियों का हुआ है और चयनित शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ बच्चों को पढ़ाने का कार्य करें।

श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी माननीय महापौर नगर निगम प्रयागराज द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि सरकार शिक्षकों के नियुक्ति के बारे में गम्भीरता से कार्य कर रही है और उनके द्वारा चयनित शिक्षकों दी जा रही जिम्मेदारी के प्रति आगाह करते हुए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अध्ययनरत बच्चों को पढ़ाने का कार्य पूर्ण तन्मयता के साथ करें।

राजमणि कोल माननीय विधायक कोराँव द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि यमुनापार क्षेत्र के युवा शक्ति से अनुरोध है कि शिक्षक के रूप में उस क्षेत्र की तरक्की के लिए अपना पूर्ण योगदान दें और उनके द्वारा चयनित शिक्षकों से पूरी लगन एवं पूरी निष्ठा के साथ बच्चों को पढ़ाने में अपनी पूरी ताकत लगा दें।

हर्षवर्धन बाजपेयी माननीय विधायक शहर उत्तरी द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि भारत में शैक्षिक मानव शक्ति एक नया वर्ग तैयार हो रहा है। भारत की योग्यता की चर्चा भी अमेरिका में होने लगी है। इन्हीं शब्दों के साथ माननीय विधायक द्वारा योग्य शिक्षक ही देश के निमार्ता हैं और उनके द्वारा पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ बच्चों को पढ़ाने का कार्य करें।

श्री जिलाधिकारी द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि अच्छी शिक्षा ही उत्तम समाज एवं देश का निर्माण करती है। इसके लिए योग्यध्चयनित शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि अपने अच्छे कार्य से इस कार्य को पूर्ण करने में अपना पूर्ण योगदान दें। साथ ही उनके द्वारा समारोह में उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के कार्यों की भी सराहना की गयी और समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा कायाकल्प आदि में निरन्तर अच्छा कार्य करने के लिए उनके कार्यों की भी सराहना की गयी ।

मंच का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी वरिष्ठ प्रवक्ता राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रयागराज द्वारा बहुत गम्भीरतापूर्वक से किया गया । श्री अर्जुन सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रयागराज द्वारा मंचीय कार्यों में सहयोग प्रदान किया गया।

समारोह में संतोष कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार यादव, वेद प्रकाश यादव, श्रीमती प्रीति सिंह, संजय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, नरेन्द्र सिंह, संजय कुमार, राम मूर्ति यादव, सुश्री ममता सरकार, राम चन्द्र यादव, अतुल दत्त तिवारी, वरूण कुमार मिश्रा, शिव कुमार सिंह, मनोज राज, श्रीमती किरन पाण्डेय, हरिश्चन्द्र गिरि, सीताराम पटेल बलि रामउपस्थित रहे।

फिरोज आलम स्काउट गाइड टीम के साथ समारोह में सहयोग प्रदान किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा माननीय जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी महोदय, मुख्य विकास अधिकारी महोदय एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समारोह सम्पन्न हुआ।

## प्रस्तावित मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 19.10.2020 को प्रस्तावित मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में कृषि एवं संवर्गीय विभागों द्वारा रबी अभियान में कृषि निवेशों की आपूर्ति एवं अभियान को सफल बनाये जाने के दृष्टिगत शुक्रवार को गाँधी सभागार में मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, नहर, नलकूप, सहकारिता इत्यादि विभागों की समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने बैठक में उपस्थित मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित जनपदों में योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों, समस्याओं को चिन्हित कर अपने सुझाव के साथ-साथ विभागीय योजनाओं के प्रगति की सूचना उपलब्ध करायें। कृषि एवं सहकारिता विभाग को कृषि निवेशों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए विक्रय केन्द्रों पर आपूर्ति कराये जाने के निर्देश दिए गए। उर्वरकों के समुचित




बैठक की अध्यक्षता करते मण्डलायुक्त

वितरण व्यवस्था हेतु क्षेत्र विशेष की मांग के अनुसार समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार बिकी केन्द्रों पर समय से आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कृषकों से प्राप्त आधार कार्ड के आधार पर उर्वरक बिकी शत-प्रतिशत पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये। निजी क्षेत्र में कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए बीज शोधन इत्यादि कार्यक्रमों में कृषकों की मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो किसान पात्रता की श्रेणी में आते हैं एवं योजना में अभी तक लाभान्वित नहीं हो सके हैं, उन्हें चिन्हित कर किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जाए। फसल बीमा कम्पनी को तहसील, जनपद स्तर पर कार्यालय खोले जाने तथा कार्यालय में तैनात कार्मिकों का नाम, मोबाइल नम्बर व कार्यालय का पता सार्वजनिक किये जाने के निर्देश दिए गए। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने एवं तहसील स्तरीय एवं जनपद स्तर पर कार्यशाला के आयोजन के साथ-साथ पम्पलेट्स/पोस्टर का वितरण कराने के निर्देश दिए गए। उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र विशेष के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना हेतु परियोजनाओं को चिन्हित किया जाए। मत्स्य विकास योजना के अन्तर्गत जनपदवार लाभार्थियों एवं परियोजनाओं की पत्रावलियां तैयार कराकर डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी से अनुमोदन उपरांत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद भ्रमण में क्षेत्र विशेष की समस्याओं को चिन्हित करते हुए उनका निराकरण कराया जाए एवं नवोन्मेषी कार्यकलापों को चिन्हित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त, संयुक्त कृषि निदेशक, अपर निदेशक पशुपालन, अधीक्षण अभियंता सिंचाई, सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ता हुए कांग्रेस पार्टी में शामिल

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी छोड़कर वीर सेन यादव फूलपुर एवं रविन्द्र प्रताप सिंह यादव बहरिया ने कांग्रेस पार्टी में आस्था जताते हुए शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष गंगा पार राम किशन सिंह पटेल ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामकिशुन पटेल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रभारी प्रयागराज उज्जवल शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी तथा कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




सपा कार्यकर्ता का स्वागत करते कांग्रेसी

### हत्या के तीन आरोपियों की जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झगडे. में हत्या के आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली है और उन्हें व्यक्तिगत मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह आदेश हत्या के आरोपियों को सत्र न्यायालय की आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ दाखिल आपराधिक अपील पर दाखिल जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने अपील की दो माह मे पेपर बुक तैयार करने का भी निर्देश दिया है।२

## आंग्ल भाषा हिन्दी भाषा की छोटी बहन : प्रो सत्यमबदा

**प्रयागराज।** भारत विविधताओं का देश है। यहां लोगों की बोलचाल, खान-पान, पहनावे में काफी अन्तर है। लेकिन अंग्रेजी एक ऐसी भाषा है जिसके माध्यम से देश के अन्दर एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यक्ति अपने भावों की अभिव्यक्ति करता है। आंग्ल भाषा हिन्दी भाषा की छोटी बहन है।

यह बातें मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से सम्बद्व सीएमपी डिग्री कालेज के अंग्रेजी विभाग की ऐसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सत्यमबदा सिंह ने रज्जू भैया शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज सिविल लाइन्स में आंग्ल भाषा सप्ताह. के समापन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इन दोनों भाषाओ के ज्ञान से व्यक्ति राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सफलतापूर्वक अपनी पहचान बना सकता है।

विशिष्ट अतिथि आर्य कन्या डिग्री कालेज प्रयागराज की ऐसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमिता गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उच्च न्यायालय प्रयागराज के सेवानिवृत्त संयुक्त रजिस्ट्रार नागेन्द्र जायसवाल ने भाषा एवं संस्कृति का अंतर्सम्बन्ध विषय पर अपने व्याख्यान में कहा कि आज के इस बदलते वैश्वीकरण के परिवेश में हम अंग्रेजी भाषा द्वारा ही अपने देश को विश्वपटल पर एक पहचान दिला सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने अंग्रेजी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अंग्रेजी भाषा सम्पूर्ण विश्व में बोली व समझी जाने वाली भाषा है, अतः रोजगार की दृष्टि से इसका भी ज्ञान होना आवश्यक है। अंग्रेजी सप्ताह के अंतर्गत अंग्रेजी निबन्ध तथा सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया था। यह प्रतियोगिता बाल, किशोर एवं तरुण तीन वर्गो में आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के लगभग 1363 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वालों में निबन्ध प्रतियोगिता में श्रेयांश तिवारी प्रथम, सत्यम सिंह कुशवाहा द्वितीय व आयुष मौर्य तृतीय तथा भाषण प्रतियोगिता में तन्मय केसरवानी प्रथम, शिवांश सिंह द्वितीय व कृष्णकांत पाण्डेय तृतीय रहे। इसी प्रकार सुलेख प्रतियोगिता के बाल वर्ग में अनिक कुमार प्रथम, शिवम्‍ द्विवेदी द्वितीय वपीयूष मिश्र तृतीय एवं किशोर वर्ग में शशांक शेखर त्रिपाठी प्रथम, सुमित कुमार द्वितीय व पुष्पराज यादव तृतीय तथा तरुण वर्ग में नितंश सिंह प्रथम, नाइस यादव द्वितीय व आदर्श गौड़ तृतीय रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में ''मिशन शक्ति'' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगम सभागार में बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, व स्वावलम्बन के उद्देश्य से 17 अक्टूबर से मिशन शक्ति का प्रारम्भ किया जा रहा है। मिशन शक्ति के क्रियान्वयन पर बल दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनपद में पाक्सों व महिला अपराधों के निस्तारण में आपरेशन शक्ति का अनुश्रवण करने के निर्देश दिये। सभी ब्लाकों पर मानीटरिंग करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सा विभाग द्वारा महिलाओं से सम्बंधित



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

चलाये जा रहे अभियान को शत-प्रतिशत एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि आयोजन को पूरे उत्सव के साथ कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान चलाकर सबकों स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी दी जायेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के साथ पूरे उत्सव के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। एक सप्ताह के अंदर गोद भरायी के कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी महिलाओं से सम्बंधी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन तथा महिलाओं से सम्बंधित विभाग में जो भी कार्यक्रम चलाये जा रहे है, उसको एक सप्ताह में विशेष अभियान चलाकर पूर्ण कर लिया जाये। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में पात्र महिलाओं को जोड़ा जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी-जी0एस0 वाजपेयी तथा कार्यक्रम के नोडल बनाये गये समाज कल्याण अधिकारी-प्रवीण कुमार सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## ऑनलाइन नवरात्रि उत्सव के माध्यम से लोगों के बीच बने रहेंगे भजन गायक : सूर्य प्रकाश दुबे



**प्रयागराज।** सोशल मीडिया के जरिए इस बार जगत जननी मां भगवती की आराधना, उत्सव होगा। भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे का कहना है कि इस नवरात्रि में माता रानी जरूर इस अदृश्य कोरोना वायरस महामारी से मुक्ति दिलायेंगी। जनसंदेश टाइम्स से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने नवदुर्गा उत्सव गाइड लाइन को फॉलो करते हुए नवरात्रि उत्सव मनाने की छूट दे रखी है। मगर लोगों के बीच में कोविड-19 महामारी का डर बना हुआ है। कोई अभी जागरण या भजन संध्या करवाना नहीं चाहता, इस वजह से छोटे-छोटे कलाकरों को बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे हर वर्ष की तरह इस नवरात्रि में भी बहुत सारे देवी भजन गाये हैं, जो सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनमानस तक पहुंचाने का काम करेंगे। सूर्य प्रकाश दुबे का कहना है कि इस बार की नवरात्रि ज्यादातर ऑन लाइन होगी। लोगो को फेसबुक लाइव पे भजन सुनने को मिलेंगे और आम जनमानस से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को कहा।

## शीशम के पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बरौत।** हण्डिया थाना क्षेत्र के कदला गांव में सुबह खेत में काम कर रहे युवक का शव शाम को गांव के ही एक नहर के बगल शीशम का पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकता मिला तो लोगों में हड़कंप मच गया। थाना गोपीगंज इब्राहिमपुर गांव निवासी महेंद्र निषाद जिनका बेटा दिनेश उर्फ छोटू निषाद उम्र 30 वर्ष जो लंबे दिनों से हडिया थाना क्षेत्र के कदला गाँव में अपने बुआ रावड़ा देवी के यहां रहकर काम धंधा करता था। शुक्रवार सुबह अपने बुआ के लड़के वकील के साथ कदला लक्षागृह घाट के बगल खेत में मिट्टी खोदकर का ट्रैक्टर पर लादने गया था। ट्रैक्टर लोडिंग हो रही थी की उसी दरमियान वह वहां से शौच के लिए निकल गया। काफी देर तक जब नहीं आया तो बुआ के लड़के समेत अन्य लोग ढूंढना शुरू किए लेकिन नहीं मिला। सभी ने रिश्तेदारी नातेदारी हर जगह पता किया कहीं पता नहीं चला। शाम लगभग 4:00 बजे कदला नहर के पास शीशम के पेड़ पर गांव के किसी व्यक्ति ने साड़ी के फंदे पर लटकता हुआ युवक दिनेश उर्फ छोटू निषाद का शव देखा तो यह सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई।वही सूचना पर पहुंची बुआ रावड़ा ने मृतक के घर सूचना देते हुए पुलिस को भी सूचित किया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन बढ़ाने का अभियान 'मिशन शक्ति'

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बी बनाने, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जन-जागरूकता पैदा करना, आत्म सुरक्षा की कला हेतु प्रशिक्षित करने के लिए विशेष अभियान संचालित किये जाने के सम्बंध में शुक्रवार को गांधी सभागार में मिशन शक्ति की बैठक आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने मण्डल के अधिकारियों को 'मिशन शक्ति' के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना जारी की गई है, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन तथा महिला अपराध व बाल अपराध के संबंध में जागरुकता पैदा करने हेतु प्रत्येक माह एक सप्ताह के विशिष्ट कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएगें। 180 दिवसीय इस अभियान के दौरान जिले के ब्लाकों, पंचायतों, शहरी निकायों व थानों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किया जाए। प्रथम चरण में इस अभियान को जागरूकता आधारित रखें जबकि द्वितीय चरण में ह्यह्यमिशन शक्तिह्यह्य के इन्फोर्समेंट (क्रियान्वयन) पर बल दिया जाए।

मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर सामाजिक संगठनों, विभिन्न महिला संगठनों, मीडिया तथा जागरूक समाज सेवियों की एक समिति बनाकर विभिन्न रोल मॉडल का चयन किया जाए। ऐसी महिलाओं एवं बालिकाओं का चयन किया जाए, जो कि विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लिए एक प्रेरणा बनी है तथा विशिष्ट क्षेत्रों में उपरोक्त उद्देश्यों के लिए प्रयास कर सफलता पाई हैं। उदाहरण स्वरूप ऐसी महिलाएं एवं बालिकाएं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे महिला सशक्तिकरण, भ्रूण हत्या रोकने



बैठक की अध्यक्षता करते मण्डलायुक्त

सम्बन्धी अभियान, उद्यमिता, शिक्षा ,महिला अपराध रोकने इत्यादि इन क्षेत्रों में सफलता पाकर जनपद एवं प्रदेश के लिए रोल मॉडल बनी हैं, उनका चयन रोल मॉडल के लिए किया जाए। इसके अतिरिक्त लैंगिक आधारित संवेदीकरण, ध्वनि संदेश, साक्षात्कार, प्रशिक्षण, दुगार्पूजा पण्डालों में कार्यक्रम, थानों पर कार्यक्रम तथा ग्रामीण स्तर पर जागरूकता उत्पन्न किये जाने संबंधी कार्यक्रम आयोजन किया जाये। महिलाओं में स्वावलम्बी बनने की प्रकिया को बढ़ाई जाए। विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न स्तरों पर शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों का चयन एवं प्रशिक्षण के कार्यक्रम कराए जाएं। शासन के विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान किए जाने हेतु महिलाओं बालिकाओं के जागरुकता शिविर आयोजित कर उन्हें इन कार्यक्रमों के लाभों के बारे में अवगत कराया जाए।

मण्डलायुक्त ने कहा कि महिला एवं बाल अपराध की मॉनिटरिंग हेतु गठित कमेटी सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा से संबंधित समस्त विभागों द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि प्राप्त शिकायतों में पीड़िता शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि के स्तर तक कार्यवाही को गतिमान रखा जाए। उन्होंने इस विशेष अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाये जाने हेतु इच्छित निजी संस्थाओं तथा जनपदों में उपलब्ध संस्थाओं को जोड़ने के लिए कहा है। साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठान, बैंकिंग संस्थान, चिकित्सालय व अन्य सार्वजनिक संस्थाओं में होने वाली जनसामान्य के एकत्रित होने के दृष्टिगत अभियान की कार्ययोजना/संचालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में विशेष अभियान के पर्यवेक्षण व अनुश्रवण हेतु महिला नोडल अधिकारी को नामित किया जाये। बैठक में आईजी- के0पी0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी- आशीष कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



# क्रियायोग सन्देश

# KRIYAYOGA Is The Scientific Spiritual Technique To Remove Nine Forms of Darkness ( Navaratri )





The festival of Navratri is celebrated widely by Indians all over the world twice each year. It is celebrated for the significant purpose of invoking energy within by offering devotional prayer to God in the form of Divine Mother. The festival is celebrated over nine days, after which the grand festival of Dusshera is celebrated. The practices observed during Navratri and Dusshera can be scientifically proven to be most beneficial for mankind to lead one towards realizing the highest potential within. Many of the festivals originated for this purpose, however, over time, due to a change in the understanding level of persons, the style of celebration changed, becoming more symbolic in nature.

The exact period of the festival of Navratri is determined based on the lunar calendar and falls in the months of March/April and September/October of each year. This is the period of seasonal changes from hot to cold climatic conditions and vice versa. To maintain perfect health during this mutation period, a special change in overall diet and lifestyle is required.

During the change of seasons, energy is automatically generated within. We, therefore, need to reduce the intake of food, or we may experience changes within that are intolerable to us. We term these changes as illness or sickness. During Navratri, which lasts about nine days, minimal food is consumed only once in the day and a person adheres to a restricted diet mainly consisting of fruit and other non-grain foods, which is most scientific in nature and beneficial for the period.

By following a restricted diet and offering prayer, one may experience some level of peace and perhaps even good health. However, because it is forced upon oneself, and hence unnatural, it may bring about undesirable effects, for example, indulgence in the thought of food through the day or overstuffing oneself during eating to make up for the long gap of time. New recipes are invented to make the food more interesting during the fasting period. At the end of the festival, mouth-watering delicacies are prepared in grand celebration. There is little emphasis placed on realizing the aim of Navratri - to realize the infinite power within.



What is the meaning of Navratri and Dusshera? Nav means nine and ratri means night which symbolizes darkness, evils or illusion. As such, the purpose of the festival is to overcome the nine types of evils or illusions - lust, anger, greed (attachment/aversion), fear of death, pride, ignorance, habit, ego and illusion of the unknown. As one overcomes these evils, one realizes ones' infinite form, which is represented by the festival of Dusshera, that follows Navratri.

On the festival day of Dusshera, the evil king, Ravana, is known to be killed by the good Divine King - Lord Ram, as described in the Ramayana. This scenario actually represents the victory over evil forces by the force of infinite love. The force of infinite love is manifested in one as the senses are awakened or empowered to project their infinite form. Duss means ten, representing the ten senses and hera means green, which represents to become enriched, filled with or empowered. As such, after Navratri, when the nine illusions are overcome, Dusshera (state of the empowerment of the senses) is celebrated.

How can we truly overcome our illusions to empower our senses? The highest way to overcome illusions is by the practice of Kriyayoga. Food has but a small part to play in this. Yet, many people are more concerned with eating those foods that give us high energy. People resort to all kinds of nutritive foods, herbs, vitamins pills, energy drinks, exercise and many other external aids to feel more energized, unaware that the source of the highest energy is already within us and is freely accessible to all.

To understand this better, let us look more closely at ourselves, beginning with our physical body. Ultimately, the body is made up of thoughts. The body is comprised of systems (nervous, circulatory, endocrine, digestive, etc.) which are made up of organs. Organs are made up of tissues and cells, which in turn are made up of molecules and atoms, comprised of protons and electrons. Electrons and protons are charges of energy. And energy arises from thoughts. This is well proven when we feel energetic with good positive thoughts and feel the opposite when we dwell in depressive and negative thoughts. The practice of being in the highest thought each moment is known as Kriyayoga practice. To learn Kriyayoga, one needs the guidance and blessings of a Realized Master.

How can we truly celebrate Navratri and Dusshera as a true devotee of God?

A true devotee of God works towards increasing the power of mind and senses. This is also the real aim of celebrating Navratri and Dusshera. To do this, one has to practise to expand the life force within and channel it towards empowering oneself by increasing the power of the mind and senses. This is possible by the practice of Kriyayoga Meditation. How?

Practising Kriyayoga means practising the presence of God. It means to practise being with the highest thought: "God (Infinite Power, Peace, Love, Knowledge) has manifested in our form."

With regular and sincere practice of Kriyayoga, our capacity to feel God within increases and we feel a higher level of energy, more peace, more knowledge, more joy, more love for all..., which automatically translates into realizing the infinite power within. Therefore, to realize infinite power within, we have to be One with Self by the practice of Kriyayoga.

As a practitioner of Kriyayoga, in addition, one becomes more aware of the life-force and the changes that occur within oneself. As a result, during seasonal changes, for example, a Kriyayoga practitioner automatically has less of a desire to eat, due to the increased energy level within. In this way, life-force is not expended unnecessarily but instead is used for the work of increasing the power of mind and senses to realize the infinite potential within.


Kriyayoga practice is, therefore, the real and highest way of celebrating the festivals of Navratri and Dusshera - to empower the body, the mind, the senses and wisdom and to awaken the angelic qualities within to realize the infinite potential within.

## नवरात्रि क्रियायोग विज्ञान की दृष्टि में...

# नौ प्रकार के अंधकार को दूर करने की विधि है क्रियायोग : योगी सत्यम

**प्रयागराज।** झूंसी स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में नव दिवसीय नवरात्रि पर्व वैज्ञानिक तरीके से मनाया जा रहा है। क्रियायोग वैज्ञानिक, स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने साधकों को अभ्यास कराते हुए, नवरात्रि पर्व के महत्व के बारे में बताया।

स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने स्पष्ट किया की नवरात्रि का अभिप्राय नौ प्रकार के अज्ञानता से है। अज्ञानता को ही अंधकार कहा जाता है। स्वामी जी ने विस्तार से बताया की नौ प्रकार के अंधकार काम, क्रोध, राग, द्वेश, मोह, मद, संस्कार, अहंकार और अविद्या है। इन नौ प्रकार के



नवरात्रि पर्व के महत्व के बारे में बताते क्रियायोग गुरू स्वामी श्री योगी सत्यम

अंधकारो को दूर करने के लिए, क्रियायोग ध्यान की आवश्यकता है। क्रियायोग अभ्यास के द्वारा अपने अन्तःकरण में अलौकिक दिव्या प्रकाश उत्पन्न होता है। उस प्रकाश को शास्त्रों में दम, शम, तीतिक्षा, उपरथि, श्रद्धा, समाधान, कहते है जो क्रियायोग साधना के द्वारा हर मनुष्य को अनुभव होता है। मनुष्य को अनुभव हो जाता है कि अपना स्वरूप आनंत रूप है। तथा परम तत्व की अनुभूति करते हुए परमानंद की अनुभूति करता है। इस स्थिति को हम दशहरा की पर्व के रूप में मनाते हैं जो नवरात्रि की पूर्व मनाया जाता है।